शनिवार

24 जून, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




नागरमल एंड संस के ठिकानों पर जीएसटी और आयकर विभाग का छापा 2



## खबरें फटाफट

### मुजफ्फरपुर में तेज रफ्तार डंपर ने दो लोगों को रौंदा

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में एक तेज रफ्तार डंपर ने दो व्यक्तियों को रौंद दिया जिससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। मौत के बाद स्थानीय लोगों ने एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के जेसीबी, ट्रक समेत करीब आधा दर्जन गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। घटना मुजफ्फरपुर के गायघाट थाना क्षेत्र स्थित भुसरा गांव के समीप की है जहां एक तेज रफ्तार डंपर ने दो व्यक्तियों को रौंद दिया जिससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। मौत के बाद स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। घटना की जानकारी मिलते ही गायघाट थाना की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। हंगामा कर रहे लोगो को समझाने का प्रयास किया। लेकिन, लोग मानने को तैयार नहीं हुए। आक्रोशित ग्रामीणों ने राहगीरों के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। गाड़ियों में आग लगाने लगे। बवाल बढ़ने पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान आक्रोशित लोगो ने एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के जेसीबी, ट्रक समेत करीब आधा दर्जन गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज रफ्त्र डंपर ने दो युवकों को कुचल दिया जिसमें दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना से गुसाए ग्रामीणों ने पहले सड़क जाम कर दिया और फिर आगजनी कर बवाल करने लगे। इसी दौरान कुछ उपदर्वियो ने गाड़ियों में आग लगाना शुरू किया। जिसके कई गाड़ियां धू धू कर जलने लगी।

## पटना में महाबैठकः लोकसभा चुनाव को लेकर 30 विपक्षी नेताओं ने साथ मिलकर लड़ने पर किया मंथन

# बीजेपी को 100 सीटों पर रोकने की बनी रणनीति

- 2024 के लोकसभा चुनावों को एक साथ लड़ने के लिए शिमला में होनेवाली अगली बैठक में तय होगा साझा एजेंडा
- नीतीश कुमार ने कहा कि अगली बैठक में तय होगा कि कौन कहां से लड़ेगा

**केटी न्यूज/पटना**

पटना में शुक्रवार को विपक्षी दलों की महाबैठक हुई। इस बैठक में 30 से ज्यादा विपक्षी नेता शामिल हुए। इस मीटिंग में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 में बीजेपी के खिलाफ एकजुट होकर मैदान में उतरने की साझा रणनीति पर मंथन किया गया। विपक्षी दलों का ये महामंथन करीब 4 घंटे तक चला। इस बैठक के बाद ज्वाइंट पीसी में नीतीश कुमार ने कहा कि आज की विपक्ष की बैठक में देश की सभी प्रमुख विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने भाग लिया। यह एक अच्छी बैठक थी जिसमें मिलकर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में अगली बैठक होगी। एकसाथ चलने पर बात हुई है। अगली मीटिंग, अंतिम मीटिंग होगी। हम सब साथ रहेंगे, हम बीजेपी को 100 सीटों पर रोकेंगे। हम सब साथ रहे तो बीजेपी जरूर पराजित होगी। नीतीश कुमार ने कहा कि अगली बैठक में तय होगा कि कौन कहां लड़ेगा। जो शासन में है वे देश के हित में काम नहीं कर रहे हैं। वे सब इतिहास बदल रहे हैं। हम सबका अभिनंदन करते हैं। हम सभी विपक्षी पार्टियों ने ये निर्णय लिया है कि हम आगे से सभी एक साथ मिलकर लड़ेंगे। बीजेपी देश का इतिहास बदल रही है। अगर यह देश में फिर से जीत कर आ जाते हैं तो देश का संविधान भी बदल देंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम सभी एक साथ लड़ने के लिए एक आम एजेंडे पर आने की कोशिश कर रहे हैं। हम अगली बार 10 या 12 जुलाई को शिमला में फिर मिलेंगे। 2024 के लोकसभा चुनावों को एक साथ लड़ने के लिए साझा एजेंडे को अगली बैठक में अंतिम रूप दिया जाएगा। हमें हर राज्य में अलग-अलग तरह से काम करना पड़ेगा।





### राहुल गांधी बोले... कांग्रेस बलिदान देने को तैयार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश बचाने के लिए कांग्रेस बलिदान देने को तैयार है। विपक्ष की बैठक कि बड़ी बात हम सब साथ हैं। बीजेपी और आरएसएस हिंदुस्तान की नींव पर आक्रमण कर रही है। यह विचारधारा की लड़ाई है और हम साथ खड़े हैं। हमने निर्णय लिया है कि हम एक साथ काम करेंगे और अपनी सामान्य विचारधारा की रक्षा करेंगे। यह विपक्षी एकता की प्रक्रिया है जो आगे बढ़ेगी।

### हम एकजुट हैं, हम एकजुट होकर लड़ेंगे: ममता बनर्जी

बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि पटना में जो बैठक हुई है वो अच्छी हुई है। हमने तीन चीज पर जोर दिया है- हम लोग एक हैं, हम लोग एक साथ लड़ेंगे, अगली बैठक शिमला में होगी। हम एकजुट हैं, हम एकजुट होकर लड़ेंगे। इतिहास यहीं से शुरू हुआ है, बीजेपी चाहती है कि इतिहास बदला जाए और हम चाहते हैं कि बिहार से इतिहास बचाया जाए। हमारा उद्देश्य है इस फासीवादी सरकार के खिलाफ बोलें। इसके लिए हम सभी विपक्षी दलों ने तय किया है कि अगला लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ें और बीजेपी को शिकस्त दें।

### जेपी आंदोलन की तरह जनता का आशीर्वाद मिलेगा: शरद पवार

एनसीपी चीफ शरद पवार ने कहा कि उद्धव ठाकरे और हम पिछले 25 सालों से एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे थे, लेकिन सब कुछ भूलकर हम साथ आए। उन्होंने कहा कि जेपी आंदोलन की तरह हमारे संयुक्त मोर्चा को जनता का आशीर्वाद मिलेगा। कई आंदोलन की शुरूआत यहां से हुई और उसे देश ने स्वीकार किया। 2024 में हम सब मिलकर चुनाव लड़ेंगे। आपसी मतभेद मुलाकर हम आगे बढ़ेंगे। यहां जो बातें तय हो गईं, आखिरी चीजें शिमला में तय हो जाएंगी। यहां से नया रास्ता निकालने का काम शुरू हुआ है।

### देश में तानाशाही के खिलाफ हम एक साथ रहेंगे: उद्धव ठाकरे

शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष और महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने कहा कि देश की एकता, अखंडता बनाए रखने के लिए हम एक साथ आए हैं। इसके आगे हमारे प्रजातंत्र पर आघात करेगा उसका हम सब मिलकर विरोध करेंगे। जो भी देश में तानाशाही लाना चाहेगा उसके खिलाफ हम एक साथ रहेंगे। शुरूआत अच्छी रही है। हमारी विचारधारा अलग हो सकती है लेकिन देश एक है।

### अध्यादेश को लेकर कांग्रेस अपना स्टैंड क्लीयर करे: आप

आप की तरफ से केंद्र के अध्यादेश को लेकर एक बयान सामने आया है। जिसमें पार्टी ने कहा है कि जब तक कांग्रेस का स्टैंड अध्यादेश को लेकर साफ नहीं होता तब तक विपक्ष की किसी भी बैठक में आम आदमी पार्टी शामिल नहीं होगी। हालांकि, कांग्रेस की दिल्ली और पंजाब इकाइयों ने घोषणा की है कि पार्टी को इस मुद्दे पर मोदी सरकार का समर्थन करना चाहिए। आज पटना में समान विचारधारा वाली पार्टी की बैठक के दौरान कई दलों ने कांग्रेस से काले अध्यादेश की सार्वजनिक रूप से निंदा करने का आग्रह किया। हालाँकि, कांग्रेस ने ऐसा करने से इनकार कर दिया।

### ये दिग्गज हुए मीटिंग में शामिल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व सांसद राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, एनसीपी के अध्यक्ष शरद पवार, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, नेशनल कांफ्रेस के नेता उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता महबूबा मुफ्ती, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी व अन्य।

### अमेरिका जाकर चंदन की लकड़ी बांट रहे प्रधानमंत्री : लालू प्रसाद

बैठक में उपस्थित राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने कहा कि बहुत दिन के बाद और इलाज करने के बाद आप लोगों से बात हो रही है। अब हम पूरी तरह से फिट हो गए हैं और बढ़िया से फिट कर देंगे भाजपा को। अब शिमला में अगली बैठक होगी, जिसमें आगे के कार्यक्रम को तय करेंगे। हमको एक होकर रहना है। देश की जनता कहती थी कि आप लोगों के पास वोट हैं, लेकिन आप लोग मिलते नहीं हैं। आप एकजुट नहीं होते और वोट बंट जाता है और भाजपा-आरएसएस जीत जाती है। लालू ने कहा कि अभी नरेंद्र मोदी देश के नेता नहीं हैं, वे अमेरिका में घूम-घूमकर चंदन का लकड़ी बांट रहे हैं। जो अमेरिका मोदी जी को आने से मना कर दिया था, पता नहीं कैसे ये भूल गए और ये जाने लगे। देश टूट की कगार पर खड़ा है। अब तो भिंडी मालूम हुआ कि साठ रुपया किलो हो गया है। आप सभी लोग खरीदते होंगे तो आटा-दाल-चावल का भाव मालूम ही होगा।

**हनुमानजी ने ऐसी गदा मारी...:** लालू ने कहा कि इ लोग हनुमानजी का नाम लेकर और जय हनुमानजी की जय बोलकर चुनाव लड़ता है। इस बार कर्नाटक में हनुमानजी महावीर जी की तरह ऐसा मारे हैं गदा इनकी पीठ पर कि राहुल गांधी जी का पार्टी जीत गया। अब हनुमानजी हमारे साथ हो गए हैं। हम लोग इकट्ठा होकर सब नल-नील को जमा कर रहे हैं।

## नीतीश के चेहरे पर अब कोई चुनाव जीतने वाला नहीं: पीके

**केटी न्यूज/पटना**

जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार के चेहरे पर और तीर छाप के बटन पर अब कोई चुनाव जीतने वाला नहीं है। खउ्ब्र जो दल है वो नहीं बचने वाला है। नीतीश कुमार ने स्वयं मान लिया है कि उनके चेहरे पर एक भी वोट नहीं मिलने वाला है। आज खउ्ब्र के बैनर तले राजनीति करने वाले लोग समझ रहे हैं कि धीरे-धीरे ये खउ्ब्र नाव डूब रही है। आज खउ्ब्र का कोई भविष्य नहीं है या बड़ी संख्या में जदयू में जो काम करने वाले लोग हैं उन्हें इस बात का एहसास हो गया है कि जब नीतीश कुमार के नाम पर वोट नहीं पड़ेगा, खउ्ब्र का संगठन है नहीं तो उनका क्या होगा। चुनाव जैसे-जैसे करीब आएगा खउ्ब्र नाम के पार्टी का बचना



और उस पार्टी के नाम पर वोट पड़ना बहुत मुश्किल दिखता है।

**बिहार नीतीश कुमार की जागीर नहीं:** नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बन जाएं या प्रधानमंत्री का चेहरा बन जाएं तो सच्चाई ये है कि बिहार नीतीश कुमार की जागीर नहीं है। जिसको अपने दल का चेहरा बनाना है बना दे। बिहार की जनता यह भी देखेगी कि नीतीश कुमार नेता होने के नाते, सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते, राजनीतिक कार्यकर्ता आपने समाज के लिए काम क्या किया है?

## अमित शाह का दावा... विपक्ष कितना भी एकजुट हो जाए 2024 में मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय

**एजेंसी/जम्मू**

2024 चुनावों के लिए विपक्षी दलों की बिहार के पटना में हुई बैठक के बीच गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि 2024 में मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। जम्मू में कई परियोजनाओं के शिलान्यास के मौके पर अमित शाह ने विपक्षी एकता को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष चाहे कुछ भी कर ले, 2024 में मोदी जी का 300 से ज्याद सीटों के साथ आना तय है। जम्मू में लोगों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, आज पटना में एक फोटो सेशन चल रहा है। सारे विपक्ष के नेता एक मंच पर आ रहे हैं और संदेश देना चाहते हैं कि हम भाजपा और मोदी जी को चुनौती देंगे। मैं विपक्ष के नेताओं को कहना चाहता हूं कि कितने भी हाथ



मिला लो आप एक साथ नहीं आ सकते हैं और आ भी गए तो 2024 में मोदी जी का 300 से ज्यादा सीटों के साथ आना तय है, मोदी जी को 2024 में फिर से प्रधानमंत्री बनना है।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की हुई हत्या- अमित शाह

अमित शाह ने अपने भाषण में आगे कहा कि मोदी जी ने 9 साल में देश का विकास किया है। यूपीए के 10 साल के शासनकाल में आतंकी घटना होती थीं। हमेशा से कश्मीर में 3 परिवारों का शासन ही रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में नया जम्मू कश्मीर बन रहा है। शाह ने कहा कि आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस है। मुखर्जी के बलिदान के कारण धारा 370 खत्म हुई। जब धारा 370 लागू हुई थी तब श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसका विरोध किया था और कहा कि इस देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। इसके लिए वे सत्याग्रह करते-करते जम्मू-कश्मीर तक पहुंचे, यहां उन्हें धोखे से गिरफ्तार कर लिया गया। हम सब जानते हैं उनकी हत्या कर दी गई थी। आज उनकी आत्मा बहुत सुकून से होगी क्योंकि 5 अगस्त 2019 को मोदी जी ने धारा 370 निरस्त कर दिया।

## मोदी सरकार के नौ साल की उपलब्धियों पर आयोजित कार्यक्रम शामिल हुए सड़क परिवहन मंत्री

# भाजपा ने सुशासन के साथ राष्ट्रवाद को अपनाया है: गडकरी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने नरेंद्र मोदी सरकार के नौ साल की उपलब्धियों पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, कांग्रेस के 60 साल के शासन में पूंजीपतियों के खिलाफ नफरत फैलाई गई। कांग्रेस के शासन के दौरान शासन बजट केंद्रित था। उन्होंने कहा कि गरीबी उन्मूलन के लिए घरेलू पूंजी निवेश को प्रोत्साहित करना और विकास के लिए विदेशी पूंजी लाना जरूरी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि मोदी सरकार पूंजी निवेश को प्रोत्साहित कर रही है, इसलिए 900 करोड़ रुपये के बजट के साथ 9 लाख करोड़ रुपये के कार्य किए जा चुके हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पूंजी निवेश पैसा और नौकरियां पैदा करता है।



1990 के दशक में महाराष्ट्र के पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) मंत्री के रूप में अपने दिनों को याद करते हुए गडकरी ने कहा कि तब वह बीओटी (बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर) और पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) के आधार पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के बारे में बात करते थे। तो कांग्रेस नेता यह कहते हुए उनका मजाक उड़ाते थे कि क्या सरकार को बीओटी और पीपीपी पर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि आज, बीओटी और पीपीपी मॉडल अच्छी तरह से स्वीकार किए जाते हैं। गडकरी ने कहा कि विकास और आर्थिक वृद्धि पर ध्यान देने के साथ सुशासन के कारण मोदी सरकार में निर्णय लेना पारदर्शी और समयबद्ध है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य गरीबी और सामाजिक-आर्थिक असमानता का खत्म करना है। मोदी सरकार की अंत्योदय योजनाओं से समाज के गरीब तबकों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से 9.5 करोड़ लोगों को लाभ हुआ है, जबकि 3.5 करोड़ नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर मिले हैं। उन्होंने कहा, '49 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं, आयुष्मान भारत (स्वास्थ्य योजना) के तहत 37 करोड़ लोग लाभान्वित हुए हैं और स्वच्छ भारत कार्यक्रम के तहत 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया गया है। इनमें से अधिकांश योजनाओं ने गरीबों को लाभ पहुंचाया है और उन्हें सम्मान दिया है।'

गडकरी ने कहा कि भारत की आजादी के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने समाजवादी अर्थव्यवस्था को अपनाया था। समाजवाद और साम्यवाद अप्रासंगिक हो गए हैं। भाजपा ने सुशासन के साथ राष्ट्रवाद को अपने विकास मॉडल के रूप में अपनाया है और इसकी नीतियों से सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से पिछड़ी आबादी को लाभ हुआ है।




# नागरमल एंड संस पर जीएसटी और आयकर का छापा, सीआरपीएफ के जवान रहे तैनात

- एक साथ आरा, पटना भागलपुर, मुजफ्फरपुर, जमशेदपुर में की गई छापेमारी, मचा हड़कंप

**केटी न्यूज/आरा**



शुक्रवार को केंद्रीय जीएसटी और आयकर की टीम ने नागरमल एंड संस के सभी प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। टीम ने आरा शहर के शिवगंज, शीश महल चैक के अलावा पटना, भागलपुर, मुजफ्फरपुर और झारखंड के जमशेदपुर समेत कई जगहों पर एक साथ छापेमारी की। आयकर विभाग के अधिकारी ने बाईपास रोड स्थित गोदामों पर जाकर संपत्ति का आकलन किया। एक छोटे-से कपड़े की दुकान से लेकर मॉल तक के सफर के सभी दस्तावेज खंगाले गए। इसमें नागरमल से एनएस मॉल एवं नागरमल एंड संस तक के सफर की सभी सूचनाएं जुटाई जा रही हैं। नागरमल एंड संस के शिवनारायण बेरिया के पुत्र आलोक बेरिया के बाद अब उमेश बेरिया की जदयू के कुछ प्रदेश नेताओं से काफी करीबी संबंध बताए जाते हैं। पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं के यहां इनका उठना-बैठना भी होता है।

आयकर विभाग की टीम ने शुक्रवार की सुबह आठ बजे ही मॉल से कुछ दूरी पर गाड़ी लगा दी थी। सुबह 10 बजे जैसे ही मॉल और दुकानों के शटर खुले, वैसे ही आयकर की टीम ने धावा बोल दिया। छापेमारी के दौरान दुकानों और मॉल के दरवाजे बंद करवा दिए गए। सभी कर्मियों को एक जगह बैठा दिया गया।

इनकम टैक्स के आधे दर्जन से अधिक अधिकारी और कर्मी अंदर मॉल में छापेमारी करते रहे। वहीं, मॉल के स्टाफ से भी आयकर विभाग के अधिकारी ने पूछताछ की। मॉल के अंदर और बाहर पुलिस बलों की तैनाती कर दी गई थी। वहीं, आयकर विभाग के अधिकारी ने इस संबंध में मीडिया को कुछ भी बताने से इनकार किया। आय से अधिक संपत्ति मामले को लेकर आईटी की टीम कागजात खंगाल रही है। वहीं, मॉल के गार्ड ने मीडिया को कवरेज करते देख मॉल का शटर गिरा दिया।

## सुरक्षा में तैनात जवान

छापेमारी के दौरान विधि-व्यवस्था को देखते हुए काफी संख्या में सीआरपीएफ के जवानों की तैनाती की गई थी। सीआरपीएफ जवान मॉल और दुकान के गेट पर ही किसी भी आने-जाने वाले को रोक दे रहे थे, ताकि छापेमारी में किसी तरह का व्यवधान न आए।

बता दें कि भोजपुर जिले में आय से अधिक संपत्ति को लेकर कई रसूखदारों पर पहले ही आयकर, ईडी और सीबीआई शिकंजा कस चुकी है। पूर्व में आरा-बक्सर के जदयू एमएलसी राधाचरण सेठ के घर और प्रतिष्ठानों पर आयकर और ईडी की छापेमारी हुई थी।

इस दौरान, राजद की संदेश विधायक किरण देवी और उनके पति अरुण यादव के अगिआंव आवास और पटना आवास पर सीबीआई की छापेमारी हुई थी। राजद सुप्रीमो लालू के करीबी पूर्व विधायक अरुण के आवास पर करीब 12 घंटे छापेमारी चली थी। तब टीम कुछ जरूरी कागजात जब्त कर ले गई थी।

## खबरें फटाफट

### छात्र को डीएम ने किया सम्मानित

**सासाराम।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा( नीट) में सफल छात्र अपूर्व अर्पण को डीएम धर्मेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि जिस छात्र के मन में पढ़ाई के प्रति लग्नशीलता होती है, वे दुनिया की कोई भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कहा कि माता-पिता को कभी भूलना नहीं चाहिए। उनका आशीर्वाद जीवन भर काम आएगा। जिला कोषागार के नाजिर कृष्ण विजय सिंह को भी बधाई दी।

### परीक्षा परिणाम जारी

**सासाराम।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी किये गए। कक्षा छह में नामांकन को ले 29 अप्रैल को जिले की 15 केंद्रों पर लिखित परीक्षा हुई थी। परीक्षा में 5998 छात्र शामिल हुए थे, जिनमें 80 छात्रों को सफलता मिली है। प्राचार्य चिंतामणि ने बताया कि शीघ्र ही नामांकन पत्र सफल अभ्यर्थियों के घर भेजा जाएगा।

### स्लीपर कोच से तीन की मोबाइल चोरी

**सासाराम।** रेलवे स्टेशन पर एक संदिग्ध व्यक्ति को शुक्रवार सुबह तीन मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरपीएफ थानाध्यक्ष ने कहा कि रेलवे स्टेशन सासाराम के सभी प्लेटफार्म पर आरपीएफ-जीआरपी के जवान गश्ती कर रहे थे। इस दौरान एक संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे प्लेटफार्म 3 के पूर्वी छोड़ पर घेरकर पकड़ लिया। तालाशी ली गई तो उक्त व्यक्ति के पास 3 मोबाइल बरामद हुआ। जिसे ट्रेन नंबर 08587 के स्लीपर कोच से उसने चोरी की थी।

### कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स की भूमिका अहम रू डॉ. बी.के.मिश्र

केटी न्यूज/पटना। जिला स्वास्थ्य समिति के प्रांगन में शुक्रवार से जिला में कार्यरत सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स (सीएचओ) का राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम में उनकी भूमिका के बारे में उन्मुखीकरण के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। जिले के सभी सीएचओ का 40 का बैच बनाकर तीन दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत की गयी। जिले में कार्यरत कुल 120 सीएचओ का उन्मुखीकरण किया जायेगा। प्रथम बैच में शुक्रवार को अथमलगोला, बख्तियारपुर, दनियावां, धनरुआ, मनेर, खुसरुपुर, नौबतपुर, पालीगंज तथा संपतचक में कार्यरत 40 सीएचओ को प्रशिक्षित किया गया। राज्य में 78 टीबी चौंपियंस कर रहे यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग कार्यशाला में प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए रीच संस्था के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद मुदस्सिर ने बताया कि राज्य में 78 टीबी चौंपियंस यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम में समुदाय में जागरूकता फैलाकर अहम् भूमिका निभा रहे हैं।

## अतिक्रमण से सिकुड़ रहीं सड़कें, डीएम-एसपी का आदेश बेअसर

# डुमरांव में अतिक्रमण से एनएच 120 ने लिया गली का रूप, जाम से व्यवसाय हो रहा प्रभावित

- जाम लगने के कारण वाहन चालकों को होना पड़ता है परेशान
- प्रतिदिन लगता है महाजाम, वाहनों के ठहराव की कोई व्यवस्था नहीं

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव में एनएच 120 पर लगा लंबा जाम। मेन रोड में हर दिन ऐसा ही नजारा देखने को मिलता है।

डुमरांव एक ऐसा शहर है, जहां अब तक वाहनों के ठहराव की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं हो सकी है। ऐसे में अतिक्रमण से सड़कों का दायरा सिकुड़ रहा है। सड़क पर जहां-तहां बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों से राजगढ़ पहुंचने में लोगों को हर दिन मशक्कत करनी पड़ रही है। लोगों का मानना है कि जिस शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो, उस शहर के विकसित होने की कल्पना नहीं की जा सकती। कभी कस्बानुमा शहर की पहचान रखने वाला डुमरांव पिछले पांच सालों में तेजी से विकसित हुआ है। रेलवे स्टेशन से दो किलोमीटर की दूरी पर बसे इस शहर में पहले वाहनों की संख्या कम थी। पिछले तीन सालों में वाहनों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। शहर में वाहन बढ़े, लेकिन वाहनों के पड़ाव की समुचित व्यवस्था नहीं हुई। अभी स्टेशन के दुर्गा मंदिर, राज अस्पताल, राजगढ़ चौक, ट्रेनिंग स्कूल और पुराना थाना के समीप वाहनों का अवैध रुप से ठहराव होता है। पुराना थाना की खाली जमीन पर पहले जीप व टेम्पू का ठहराव होता था। अब शहीद स्मारक के लिए घेरेबंदी हो गयी। ऐसे में अब वाहनों का ठहराव सड़क पर ही हो रहा है। पुराना थाना से राजगढ़ और अनुमंडल की ओर जाने वाले लोगों को घंटों परेशान होना पड़ रहा है।

### पहल का नहीं निकला नतीजा

डुमरांव-बिक्रमगंज स्टेट हाइवे के निर्माण के बाद शहर पर तेजी से वाहनों का दबाव बढ़ा था। वाहनों के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए दो साल पहले नगर परिषद के अधिकारियों की बैठक हुई थी। बैठक में मुख्य पथ पर होने वाले यात्री बसों का ठहराव नया थाना के पास करने का फैसला लिया गया था। लेकिन इस फैसले को लागू करने की दिशा में ठोस पहल नहीं हुई। नतीजा यह हुआ कि सड़क पर अवैध पड़ाव और अतिक्रमण से हर दिन यहां के लोग जूझते रहे। जाम के बीच लोग काफी मशक्कत से अपनी मंजिल तय करते हैं।

### पुलिस वाले भी बने रहते मूकदर्शक

जाम लगने से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। पुलिस के द्वारा दस जवान ट्रैफिक व्यवस्था के लिए लगाए गए हैं। परन्तु अतिक्रमण के कारण पुलिस वाले मूकदर्शक बने रहते हैं। सबसे गंभीर स्थिति स्टेट हाइवे के रूप में शुमार नगर के स्टेशन रोड की है। इस रोड में नया थाना से लंगटू महादेव मंदिर तक पूरे दिन ठेला, टेम्पो, रिक्शा सहित फुटपाथी दुकानदार काबिज रहते हैं। इससे दिन के अधिकांश समय इस सड़क पर जाम की समस्या बनी रहती है।

### राजगोला रोड में रोज लगता है जाम, चौपट हो रहा है व्यवसाय

डुमरांव में अतिक्रमण व जाम की समस्या नई नहीं है। हर दिन जाम के चलते लोगों को परेशान होना पड़ता है। लेकिन व्यावसायिक जगहों पर लगने वाले जाम से आम लोगों के साथ ही व्यवसायियों को भी परेशान होना पड़ रहा है। उनका व्यवसाय चौपट हो रहा है।

### मंत्री ने बस पड़ाव दिया, फिर भी मनमानी

नगर परिषद क्षेत्र में नया थाना के समीप दो दशक पूर्व तत्कालीन विधायक सह पथ परिवहन मंत्री बसंत सिंह के द्वारा बस पड़ाव का उदघाटन किया गया था। लेकिन बस स्टैण्ड में बस मालिकों की मनमानी के चलते एक माह बाद से बस लगना बंद हुआ कि आज तक नहीं लगा। धीरे-धीरे वह भी अतिक्रमण का शिकार हो गया।

### गुजरने से पहले कांप जाते हैं लोग

नगर में सबसे गंभीर स्थिति स्टेशन रोड में हरिजी के हाता से लंगटू महादेव मंदिर तक तथा राजगोला रोड की है। यहां सड़क के किनारे वाहनों तथा ठेला खोमचा वालों के कब्जा से जाम की समस्या नासूर बन गई है। दिन के अधिकांश समय यहां जाम की नौबत बनी रहती है। इसका खामियाजा वाहन चालकों तथा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। डुमरांव के इन इलाकों से गुजरने के पहले लोग कांप जाते हैं।

### कहते है एसडीओ

डुमरांव के एसडीओ कुमार पंकज कहते हैं कि जल्द ही ऑटो चालकों के साथ बैठक कर चिन्हित जगहों पर वाहन लगाने का आदेश दिया जायेगा।

## एक नजर

### मवेशी घर में पंखा ठीक कर रही महिला की करंट लगने से मौत



**केटी न्यूज/आरा।** भोजपुर के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के बागर गांव में गुरुवार की रात करंट लगने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मवेशियों के घर में पंखा ठीक करने के चक्कर में वह करंट की चपेट में आ गयी। मृत महिला बागर गांव निवासी रमेश राय की 64 वर्षीया पत्नी फुलवंती देवी थी। रमेश राय ने बताया कि गुरुवार की रात वह खाने के बाद मवेशी के पास गयी थी। वहां पंखा चल रहा था। वह पंखे का स्टैंड ठीक कर रही थी। तभी पंखा उनके पेट पर गिर गया और वह करंट की चपेट में आकर झुलस गई। उससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। किसी चीज के गिरने की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य वहां पहुंचे, तो देखा कि उनकी मौत हो चुकी है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जा रहा है कि महिला को दो पुत्र रितेश राज, विकास कुमार राय और एक पुत्री उषा कुमारी है। घटना के बाद घर में रोना-धोना मच गया।

### लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के अभ्यर्थी का 27-28 जून को होगा साक्षात्कार

जाहानाबाद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली के निदेर्शानुसार देश के सभी जिलों में मुफ्त विधिक सहायता पहुंचाने के उद्देश्य डिफेंस काउंसिल सिस्टम का स्थापना किया जा रहा है। जिसमें मुख्य, उप मुख्य, एवं सहायक डिफेंस काउंसिल का चयन प्रक्रिया जिला स्तर पर होना है। इसको लेकर आवेदन दिनांक 7 जून 2023 तक आमंत्रित किया गया। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए जिला चयन समिति द्वारा मुख्य एवं उप मुख्य डिफेंस काउंसिल के 27 जून दिन मंगलवार तथा सहायक डिफेंस काउंसिल का 28 जून दिन बुधवार को समय अपराहन चार बजे साक्षात्कार हेतु निर्धारित किया गया है।

### पांच मामलों की डीएम ने की सुनवाई



जहानाबाद। डीएम रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत अपीलीय वादों की सुनवाई की गयी। जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अपील से संबंधित कुल 05 मामले जिला पदाधिकारी के समक्ष आएं, जिनमें एक मामले पर आदेश पारित किया गया। जिसमें एक मामला अंचल अधिकारी, मखदुमपुर का है, जो अतिक्रमण से संबंधित है। एक मामला अंचल अधिकारी, मखदुमपुर का भूमि विवाद से संबंधित है,। एक मामला प्रखंड विकास पदाधिकारी, रतनी फरीदपुर का है, जो कबीर अंत्येष्टि से संबंधित है। प्रखंड विकास पदाधिकारी, जहानाबाद का एक मामला राशन कार्ड में नाम जोड़ने से संबंधित है। अंचल अधिकारी, जहानाबाद सदर का एक मामला सरकारी तालाब अतिक्रमण मुक्त कराने से संबंधित है तथा एक शिकायत नगर थाना जहानाबाद से संबंधित था जो प्राथमिकी दर्ज नहीं करने से संबंधित है।

### वार्ड सभा का आयोजित विकास के मुद्दे पर हुई चर्चा

**जहानाबाद।** शुक्रवार को काको प्रखंड के ग्राम पंचायत पिंजोरा के वार्ड संख्या 03 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनियारी के प्रांगण में वार्ड सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता वार्ड सदस्य सह वार्ड सदस्य संघ जिलाध्यक्ष सुनील कुमार ने किया। जिसमें वार्ड के अंतर्गत सभी ग्रामीण उपस्थित हुए ग्रामीणों ने वार्ड में समस्याओं से संबंधित निष्पादन हेतु वार्ड सदस्य को समस्या से अवगत कराया गया। वार्ड सदस्य ने ग्रामीणों को बैठक में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि वार्ड के अंतर्गत जो बच्चे विद्यालय नहीं आते हैं उन्हें जागरूकता अभियान चलाकर विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनियारी के चारों तरफ घेराबंदी कराई जाए वार्ड सभा में यह भी कहा गया कि पंचायत सचिव गांव में नहीं आते हैं इससे लोगों का जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जैसी समस्याएं बनी रहती है वार्ड सभा की बैठक की सूचना पंचायत सचिव को दी गई थी उसके बावजूद भी उपस्थित नहीं हो पाए तथा वे बिचौलियों के माध्यम से कार्य करते हैं इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दिया जाएगी। पिंजौरा पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी एवं दर्जनों लोग उपस्थित हुए।

### नगर परिषद वार्ड संघ के पदाधिकारियों का हुआ चुनाव

जहानाबाद। शुक्रवार को नगर परिषद जहानाबाद के वार्ड संघ के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11:30 बजे एक सभागार में चुनाव संयोजक नजमुल होदा की देखरेख में प्रक्रिया शुरू हुई। सबसे पहले संघ के कार्यकाल एवं कार्य प्रणाली पर चर्चा हुई। बताया गया कि संघ के पदाधिकारी का कार्यकाल 2 वर्षों का होगा। यदि कोई पदाधिकारी लगातार तीन बैठक में अनुपस्थित रहेंगे तो उनका पद स्वतः खत्म हो जायेगा। कुल 33 पार्षद में से 25 पार्षद उपस्थित रहे। सभी पार्षदों ने चुनाव संयोजक को निवार्ची पदाधिकारी चुना एवं चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के लिए अधिकृत किया। सबसे पहले अध्यक्ष के लिये नामांकन शुरू हुआ। इसके लिए संजय कुमार वार्ड पार्षद वार्ड नंबर 31 ने नामांकन किया। अध्यक्ष के लिए सिर्फ एक ही नामांकन हुआ। उसके बाद उपाध्यक्ष के लिए पूजा कुमारी वार्ड पार्षद वार्ड नंबर 8, सचिव के लिए सैयद राइन वार्ड पार्षद वार्ड नंबर 32, कोषाध्यक्ष के लिए रेशमी देवी वार्ड पार्षद वार्ड नंबर 29 ने नामांकन किया। इस तरह सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए। महासचिव के लिए रवि शंकर प्रसाद वार्ड पार्षद वार्ड नंबर 24 एवं सत्येंद्र दास वार्ड पार्षद वार्ड नंबर 25 ने नामांकन किया। महासचिव के लिए मतदान कराया गया। मतदान में 25 पार्षदों ने भाग लिया। इसमें 3 मत पत्र रद्द किया गया। रविशंकर प्रसाद को 16 मत तथा सत्येंद्र दास को 6 मत मिला। इस तरह रवि शंकर प्रसाद महासचिव के लिए निर्वाचित हुए।

# भोजपुर में बाइक से गिरकर बुजुर्ग महिला की मौत

- पति के साथ जा रही थी दवा लेने, रास्ते में हो गयी हादसे का शिकार

**केटी न्यूज/आरा**



सदर अस्पताल में महिला का इलाज करते डॉक्टर।



भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र के चांदी गांव के समीप शुक्रवार की सुबह बाइक से गिरने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पति के साथ दवा लेने जा रही महिला स्पीड ब्रेकर के कारण बाइक के अनियंत्रित होने से सड़क पर गिर पड़ी। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उसकी मौत हो गई। मृत महिला अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के कटरिया गांव निवासी सुरेंद्र साव की 60 वर्षीया पत्नी उषा देवी थी। सुरेंद्र साव ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह अपनी पत्नी उषा देवी की दवा लेने के लिए उनके साथ बाइक से चांदी थाना क्षेत्र के नरही गांव जा रहे थे। उसी दौरान चांदी गांव के समीप अचानक ब्रेकर आ गया। उसे देखते हुए उन्होंने ब्रेक लगा दिया। उससे उनकी पत्नी असंतुलित हो बाइक से गिर पड़ी और गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसके बाद आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि महिला को पांच पुत्र मुन्ना, पंकज, चंदन, लालजी, गुड्डू और एक पुत्री रेखा देवी है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है।

## राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम में सीएचओ की भूमिका पर हुई व्यापक चर्चा

# राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स की भूमिका अहम : डॉ. मिश्र

- वर्ष 2025 तक यक्ष्मा उन्मूलन का है लक्ष्य
- रीच संस्था एवं राज्य टीबी सेल के तत्वावधान में तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**केटी न्यूज/पटना**




जिला स्वास्थ्य समिति के प्रांगन में शुक्रवार से जिला में कार्यरत सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स (सीएचओ) का राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम में उनकी भूमिका के बारे में उन्मुखीकरण के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। जिले के सभी सीएचओ का 40 का बैच बनाकर तीन दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत की गयी। जिले में कार्यरत कुल 120 सीएचओ का उन्मुखीकरण किया जायेगा। प्रथम बैच में शुक्रवार को अथमलगोला, बख्तियारपुर, दनियावां, धनरुआ, मनेर, खुसरुपुर, नौबतपुर, पालीगंज तथा संपतचक में कार्यरत 40 सीएचओ को प्रशिक्षित किया गया।

**राज्य में 78 टीबी चौंपियंस कर रहे यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग :** कार्यशाला में प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए रीच संस्था के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद मुदस्सिर ने बताया कि राज्य में 78 टीबी चौंपियंस यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम में समुदाय में जागरूकता फैलाकर अहम् भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य है कि सभी सीएचओ यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम में अपनी भूमिका की महत्ता से वाकिफ होकर मरीजों की पहचान तथा उन्हें उपचार उपलब्ध कराने में मदद करें।

**सीएचओ अपनी जिम्मेदारी को समझ निभाएं अपनी भूमिका :** कार्यशाला में विडियो संदेश के माध्यम से जुड़े अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, यक्ष्मा डॉ. बी.के.मिश्र ने बताया कि सामुदायिक स्तर पर टीबी मरीजों को चिन्हित करना है। उन्हें ससमय दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराना, नियमित फॉलो अप तथा अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्यकर्मी एवं जन प्रतिनिधियों के साथ समंवय स्थापित कर जन आरोग्य समिति एवं टीबी मुक्त पंचायत के सपने को साकार करने में अपनी जिम्मेदारी निभाना है। राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स का प्रमुख कार्य है। उन्होंने प्रेजेंटेशन के माध्यम से शामिल प्रतिभागियों को अपनी जिम्मेदारियों को सजगता के साथ निभाने की जानकारी दी। कार्यशाला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला संचारी रोग पदाधिकारी, डॉ. कुमारी गायत्री सिंह ने कहा कि चिन्हित टीबी मरीजों का फॉलो अप करना सबसे जरुरी है। मरीज लगातार 6 महीने तक नियमित रूप से दी गयी दवाओं का सेवन करें यह सुनिश्चित करना सबसे बड़ी चुनौती है।

## खबरें फटाफट

### मलेशिया से आया सुशील का शव, किया गया अंतिम संस्कार

**डुमरांव।** डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र कसिया के सुशील साह का शव गुरूवार की देर रात मलेशिया से पैतृक गांव लाया गया। मलेशिया से फ्लाईट द्वारा कोलकाता तथा फिर वहां से एंबुलेंस से उसके शव को कसिया पहुंचाया गया। शव पहुंचते ही परिजनों की चिख पुकार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। बता दें कि कसिया गांव के भिखारी शाह का 21 वर्षीय पुत्र सुशील साह अक्टूबर 2022 में मलेशिया गया था। 12 जून को काम के दौरान ही उसे बुखार आया, तब कंपनी वाले उसे इलाज के लिए लेकर कोला पीला अस्पताल गए। इलाज के दौरान ही 13 जून को भारतीय समय अनुसार अल सुबह तीन बजे उसकी मौत हो गई थी। उसकी मौत के बाद परिजनों को सबसे अधिक दुख इस बात का था कि कंपनी वाले शव भेजने में आनाकानी कर रहे थे। मीडिया में इसकी खबर छपने के बाद कंपनी वालों को होश आया तथा दस दिन बाद ही सही शव को उसके पैतृक गांव भेजे।

### एक माह से फरार किशोरी आरोपी के घर से बरामद

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के एक गांव से एक माह से फरार किशोरी को पुलिस ने बरामद करने में सफलता पायी है। इस मामले में पुलिस कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि किशोरी एक माह से घर से फरार हो गयी थी। काफी खोजबीन किया गया लेकिन कहीं अता-पता नहीं चला। ग्रामीणों से जानकारी मिली कि किशोरी स्थानीय गांव के शम्सुल हक कुरैशी ने भगा कर लाया है, जिसके यहां से पुलिस ने किशोरी को बरामद किया है।

### ट्रेन की गेट पर बैठ सफर कर रहा यात्री पटरी पर गिरा

**बक्सर।** ट्रेन की गेट पर बैठकर सफर करना एक रेल यात्री को महंगा पड़ गया। दुर्घटना में उसका पैर शरीर से अलग हो गया। बक्सर सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी के ट्रामा सेंटर में भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक आनंद विहार टर्मिनल से जनसाधारण एक्सप्रेस में सवार होकर पटना जा रहे झारखंड के गिरिडीह निवासी मुकेश मरांडी ट्रेन की गेट पर बैठकर सफर कर रहा था। उसकी ट्रेन बक्सर से आगे बढ़ने के बाद जैसे ही वरुणा रेलवे स्टेशन की ओर बढ़ी सामने से रेल लाइन पर आ रही पंजाब मेल के तेजी से गुजरने के कारण हवा के झोंके की वजह से वह रेलवे ट्रैक पर गिर गए इस दुर्घटना में उनका दाहिना पैर बुरी तरह जख्मी हो गया।

# अतिक्रमण के कारण गोला रोड में लगता है जाम, पैदल चलना भी मुश्किल

- आठ फीट तक सड़कों पर सामान रख स्थायी दुकानदार करते है कब्जा
- बाजार खुलने के साथ ही मिट जाता है फुटपाथ का अस्तित्व

**केटी न्यूज/डुमरांव**



सुबह दुकानें खुलने से पहले गोला रोड काफी चौड़ा नजर आता है।



दुकानें खुलने के बाद गोला रोड का हाल ऐसा हो जाता है कि पैदल चलना भी दुभर रहता है।

डुमरांव शहर की मुख्य मंडी गोला रोड में जाम और अतिक्रमण की समस्या नासूर बन गयी हैं। शादी-विवाह के मौसम में खरीदारी करने आये लोगों को महाजाम की समस्या से जूझना पड़ता है। इस मंडी में अधिकांश स्थायी दुकानदार आठ फीट तक सड़को पर सामान निकालकर कब्जा जमाये रहते है, जिस वजह से यह सड़क संकीर्ण बन गयी हैं। आलम यह है कि सुबह में दुकानों के खुलने से पहले राजगोला रोड का फुटपाथ काफी चौड़ा दिखता हैं, लेकिन दुकानों के खुलने के बाद से फुटपाथ का अस्तित्व गायब हो जाता हैं। बल्कि सड़क के दोनों तरफ स्थायी दुकानदारों तथा उनके संरक्षण प्राप्त फुटपाथियों द्वारा कब्जा जमा लिया जाता हैं। जिस कारण पूरे दिन इस मुख्य व्यवसायिक पथ पर जाम लगा रहता हैं। सबसे अधिक व्यस्तम वाले गोला रोड की सड़क पर फुटपाथ के अतिक्रमण के कारण वाहनों की कौन कहे, पैदल गुजरने वालों की भी रफ्तार थम जाती है। यह स्थिति अधिकारियों के संज्ञान में भी है लेकिन सड़क को स्थायी दुकानदारों के कब्जा से मुक्ति दिलाने के लिए अभी तक कोई रणनीति नहीं बनायी गयी हैं। अधिकारियों की उदासीनता से सड़क पर अपनी दुकानदारी चलाने वाले दुकानदारों का बोलबाला कायम हैं। आये दिन सड़को पर जाम की स्थिति बनी रहती है। अधिकतर दुकानदार अपनी दुकान की सीमा से बाहर सड़को पर सामान रखे रहते है, जिसका खामियाजा आम जनों को भुगतना पड़ता हैं। पिछले दिनों इस समस्या से निपटने के लिए नगर परिषद प्रशासन ने सख्ती बरता था। नियमों के उल्लंघन करने वाले लोगों से जुमार्ना सहित कार्रवाई की गयी थी। इतना ही नहीं मुख्य सड़क पर ठेला-खोमचा वालों की संख्या भी प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिस वजह से मुश्किलें और भी बढ़ जाती है। लग्न के दिनों में चार पहिया वाहन अगर मुख्य मंडी से गुजरे तो घंटों तक इस मंडी में महाजाम की स्थिति बनी रहती है। अगर दुकानदार अपना सामान दुकानों के अंदर ही रखे तो मुख्य बाजार में चार पहिया वाहन भी आसानी के साथ आ-जा सकते हैं। नगर के बुद्धिजीवियों ने नगर पर्षद प्रशासन को एक मांग पत्र सौंप गोला रोड की सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराने की गुहार लगायी है. वहीं नप के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ रणनीति बनायी गयी है। बहुत जल्द ही गोला रोड से अतिक्रमण हटाया जायेगा।

### वेंडिंग जोन के अभाव में मजबूर हैं फुटपाथी दुकानदार

दूसरी तरफ राजगोला रोड के दोनों तरफ दुकान सजाने वाले फुटपाथी दुकानदार भी मजबूर हैं। नगर परिषद प्रशासन द्वारा वर्षों से उनके लिए वेंडिंग जोन बनाने का आश्वासन दिया जा रहा हैं। लेकिन वेंडिंग जोन सिर्फ कागजों पर ही बन रहा हैं। जिस कारण फुटपाथी दुकानदारों की मजबूरी भी सड़क किनारे दुकान सजाने की बनी हुई हैं। फुटपाथी दुकानदारों का कहना है कि यदि नगर परिषद उन्हें वेंडिंग जोन बनाकर देगा तो वे राजगोला तथा अन्य मार्गों के बजाय उस स्थायी मंडी में ही अपनी दुकान लगाएंगे। लेकिन प्रशासनिक उदासीनता से स्थल चयन के बाद से इस दिशा में कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया।

## मोदी के शासन के 9 साल बेमिसाल के तहत किला मैदान में आयोजित हुई जनसभा

# महागठबंधन बिना दूल्हे वाली बारात इसमें ठगों की भरमार: अश्विनी चौबे

- नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा समेत भाजपा के कई दिग्गज नेता हुए शामिल
- नेता प्रतिपक्ष बोले- जिसका डीएनए भारतीय नहीं उससे नहीं संभलेगी सांस्कृतिक विरासत

**केटी न्यूज/बक्सर**



शुक्रवार को बक्सर के ऐतिहासिक किला मैदान में भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन के 9 साल पूरा होने पर नौ साल बेमिसाल के तहत एक जनसभा का आयोजन किया गया था। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने सीधे तौर पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने उनके डीएनए पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिनका डीएनए ही पूर्णतः भारतीय नहीं है, उससे भारतीय संस्कृति की प्रगाढ़ विरासत नहीं संभलेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बिहार में कांग्रेस युक्त सरकार का सपना देख रहे है। इसके लिए वे भष्ट्राचारियों तथा चोरों से गलबहियां कर रहे हैं। उन्होंने का कि बिहार की धरती लोकतंत्र की जननी हैं। यहां की जनता कभी उनके सपने को पूरा नहीं होने देगी तथा देश में कांग्रेसमुक्त सरकार की शुरूआत बिहार से ही होगी।

उन्होंने लालू यादव व नीतीश कुमार का नाम लिए बिना ही उनपर तंज कसते हुए उन्हें जय प्रकाश नारायण का नकली चेला बताया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वे जयप्रकाश नारायण जी के आवास से मत्था टेक निकले हैं। उनके नकली चेले बड़े भाई और छोटे भाई बिहार को गर्त में ले गये हैं। जेपी के नाम पर राजनीति करने वालों को उनके सिद्धांतों से कोई सरोकार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता सब समझती हैं। उन्होंन पटना में होने वाली महागठबंधन की बैठक पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जेपी के नकली चेलों के मंसूबे को बिहार की जनता कभी पूरी नहीं होने देगी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मोदी सरकार का नौ साल बेमिसाल रहा हैं तथा इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक काम हुए हैं। जिससे देश की जनता काफी खुश हैं तथा 2024 में मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर से केन्द्र में एनडीए की सरकार प्रचंड बहुमत से बनने जा रही हैं। मंच पर नेता प्रतिपक्ष व केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के अलावे कद्दावर भाजपा नेता व एमएलसी अवधेश नारायण सिंह, जीवन कुमार, दीघा विधायक संजीव कुमार चौरसिया, संतोष सिंह व भाजपा नेत्री निवेदिता सिंह आदि मौजूद थे। जबकि जनसभा में हजारों लोग शामिल हुए।

### महागठबंधन की बारात कभी दिल्ली नहीं पहुंच पाएगी

9 साल बेमिसाल के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि महागठबंधन बिना दूल्हें वाली बारात में, इसमें ठगों का भरमार हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों द्वारा ईडी और सीबीआई से बचने के लिए महागठबंधन बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस बारात में यही तय नहीं है कि दूल्हा कौन बनेगा। जबकि भाजपा के पास नरेन्द्र मोदी जैसा वैश्विक नेता हैं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की बारात कभी दिल्ली नहीं पहुंच पाएगी। अश्विनी चौबे ने महागठबंधन की एकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि अभी से ही इसमें दरार नजर आने लगे हैं। जनता इन्हें पहचानती है तथा कभी भी इन्हें मौका नहीं देगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नौ सालों के शासन के दौरान देश ने सर्वांगीण विकास किया हैं। समाज के अंतिम पायदान तक बैठे व्यक्ति को लाभ पहुंच रहा हैं। आज देश में प्रति व्यक्ति आय दुगनी हो गई हैं। देशभर में सड़कों का जाल बिछाया गया हैं। दुनियाभर में नरेन्द्रमोदी के नेतृत्व क्षमता की तारीफ हो रही हैं। भारत विश्वशक्ति बनकर उभर रहा हैं। उन्होंने कहा कि इन नौ सालों में आजादी के समय से चले आ रहे राम मंदिर विवाद का पटाक्षेप हुआ है तो काश्मीर से धारा 370 को हटा उसे मुख्य धारा में शामिल किया गया हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि 2024 में प्रचंड बहुमत से एनडीए का कमल खिलेगा तथा नरेन्द्र मोदी फिर से देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

### राहुल गांधी के डीएनए पर सवाल उठाना देश के साथ गद्दारी : कांग्रेस

**बक्सर।** मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजपा द्वारा आयोजित किए गए नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम पर कांग्रेस नेताओं ने सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथागत हर्षवर्धन, बिहार प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव कामेश्वर पांडेय, कांग्रेस नेता बजरंगी मिश्र, चौसा प्रखंड अध्यक्ष राजारमन पांडेय आदि ने प्रेस बयान जारी कर प्रधानमंत्री के नौ साल के शासन काल को देश में बेरोजगारी व महंगाई बढ़ाने वाला तथा नफरत फैलाने वाला बताया। कांग्रेस नेताओं ने पूछा है कि 9 साल के शासन के बखान कि जो गाथा बक्सर के किला मैदान में गाई गई, उसमें यह बताने की कोशिश नहीं की गई की चुनाव के वादे 15 लाख प्रत्येक खाते में दिया गया कि नहीं, स्विस बैंक का काला धन वापस आने के बजाए 14 से आज चौगुना बढ़ गया हैं। 18 करोड़ नौकरी मोदी जी ने दिया क्या, महंगाई बेरोजगारी केंद्र के शासन में बैठे नेताओं पर जो आरोप लगा उसकी जांच कराई गई क्या, क्या पुलवामा के शहीदों की जांच कर न्याय दिया गया। जितने भाजपा नेताओं पर बलात्कार के आरोप लगे किसी की गिरफ्तारी हुई क्या, सत्ता के मद में बैठकर धर्म तथा संप्रदाय के नाम पर केवल नफरत फैलाने का काम किया गया है। कांग्रेस के द्वारा की गई कार्यों का नाम बदलकर फीता काटना और मंदिरों से सोना की चोरी कर नव निर्माण कराने के नाम पर जनता को धोखा देने के अलावा कुछ और हुआ क्या, केदारनाथ का मंदिर का पुजारियों पर जो आरोप है उसकी जांच कराएगी क्या, यह सरकार भगवान को भी अमीरों और गरीबों में बांटने का काम कर रही हैं। कांग्रेस ने कहा कि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, आटा, दाल, चीनी का आसमान छूते दाम से जनता बेहाल हो गई है। वी राहुल गांधी के डीएनए पर सवाल उठाने वालों को अपने गिरेंबां में झांकने की सलाह कांग्रेसियों ने दी और कहा कि राहुल गांधी के पूर्वजों ने देश को आजाद कराने में बलिदान दिया हैं। उनके डीएनए पर सवाल उठाना देश के साथ गद्दारी है।

## एक नजर

### बलिदान दिवस पर याद कियें गये डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, लोगों ने किया नमन



**डुमरांव।** शुक्रवार को पुराना भोजपुर के एक निजी सभागार में जनसंघ के संस्थापक डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। यह कार्यक्रम भाजपा के समर्पित कार्यकताओं द्वारा आयोजित किया गया था। जिसकी अध्यक्षता डुमरांव ग्रामीण के पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश राय ने व संचालन भाजपा नेता एवं पूर्व मंडल महामंत्री बिपिन बिहारी सिंह ने किया। भाजपा नेताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल्य चित्र पर फूल माला चढ़ाकर डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया तथा उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष माधुरी कुंवर शामिल हुई एवं डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजाराम पांडे ने कहा कि डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संघर्ष के कारण जम्मू कश्मीर आज भारत का अभिन्न अंग है एवं वहां पर हम तिरंगा लहरा पा रहे हैं। विनोद राय ने उनके पद चिन्हों पर चलने का अह्वाहन किया। वहीं पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा कि एक देश में दो विधान दो निशान नहीं चलेगा। संतोष दुबे ने भाजपा जिंदाबाद, नरेन्द्रमोदी जिन्दावाद के नारा लगाकर कार्यक्रम का समापन किया। मौके पर जितेंद्र दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश गौतम, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह, इंद्रजीत सिंह, अरुण पाठक, चंद्रकांत तिवारी आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

### मृतकों के आश्रितों को मिलेगी दो लाख की राशि, डीएम ने दी स्वीकृति

**डुमरांव।** बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल द्वारा डुमरांव अनुमंडल के विभिन्न दुर्घटनाओं में हुई मौत के शिकार तीन मृतकों के आश्रितों को अनुदान सह मुआवजा राशि की स्वीकृति प्रदान की गयी हैं। इसी कड़ी में प्रथम हीट एंड रन के मामले में डुमरांव प्रखंड क्षेत्र के प्रतापसागर डेरा गांव निवासी एक मृतक के आश्रित लाभुक बजरंगी यादव को दो लाख की अनुदान सह मुआवजा राशि से संबधित स्वीकृति पत्र एसडीओ द्वारा प्रदान की गयी। दूसरे वाहन दुर्घटना में हुई मौंत की शिकार केसठ गांव की सोमारी देवी के आश्रित को बतौर अनुदान सह मुआवजा राशि दो लाख प्रदान करने को स्वीकृति प्रदान की गयी है। सोमारी देवी की मौंत पिछले 20 अगस्त को हुई थी। तीसरा वाहन दुर्घटना में हुई मौंत के शिकार स्थानीय नगर के बंधन पटवा रोड निवासी मृतक शिवशंकर पटवा के आश्रित को बतौर मुआवजा सह अनुदान सह सहयोग राशि दो लाख प्रदान किए जाने को स्वीकृति प्रदान की गयी है। पेशे से सब्जी विक्रेता शिवशंकर पटवा की मौंत गत 25 फरवरी 2022 को मोटरयान दुर्घटना में हुई थी। इस आशय की पुष्टि डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज ने करते हुए बताया कि तीनों मृतकों के आश्रितों को अनुदान सह मुआवजा राशि की स्वीकृति व उन्हें चेक के माध्यम से राशि प्रदान किये जाने को लेकर बुलावा संबधी सूचना भेज दी गयी हैं।



### बक्सर नप क्षेत्र में घर-घर जाकर कर संग्रह करेगी एजेंसी, नप ने दिया जिम्मा

**बक्सर।** बक्सर नगर परिषद क्षेत्र में रहने वाले लोगों को अब होल्डिंग टैक्स जमा करने के लिए नप कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना होगा। इसके लिए नप बोर्ड ने कर वसूली के लिए एक एनजीओ के साथ करार किया है, जो घर-घर जाकर कर संग्रह करेगी। इसका सीधा लाभ लोगों को होगा, उनका समय बचेगा। यह बातें मुख्य पार्षद कमरु निशा ने अपने संबोधन में कहीं। उन्होंने कहा कि अब बक्सर में स्पैरो सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ही कर वसूली करेंगी। उन्होंने शहरवासियों से इस एजेंसी को सहयोग करने की अपील की। मुख्य पार्षद द्वारा नगर परिषद का वेब पोर्टल भी लांच किया गया। जिसकी शुरूआत मुख्य पार्षद ने इंटर बटन दबाकर किया। हालांकि इस एजेंसी को लेकर कुछ विरोध भी सामने आया है। उससे जुड़ी समास्याओं व आशंकाओं का समाधान करते हुए मुख्य पार्षद ने कहा कि अगर होल्डिंग संबंधी शिकायत मिली तो उसका त्वरित समाधान होगा। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद की सशक्त कमेटी के सदस्य व कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरुपम मौजूद रहीं। इस दौरान नगर परिषद का नया लोगों भी जारी किया। बता दें कि बक्सर तथा डुमरांव दोनों नगर परिषद क्षेत्र में बड़े पैमाने पर होल्डिंग टैक्स बकाया था। जिसकी वसूली नगर परिषद प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रही थी। अब यह काम एक कार्य एजेंसी को दिया गया है।

## आरा मोहनिया हाईवे पर महादेवगंज के पास हुई भीषण दुर्घटना

# कार व बाइक की टक्कर में चाचा-भतीजे की मौत, पसरा मातम

**केटी न्यूज/नावानगर**



आरा-मोहनिया हाईवे स्थित महादेवगंज के पास कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों मृतक चाचा भतीजे थे। उनकी पहचान बगेन गोला थाना के मनकी गांव निवासी रामचेला सिंह के 35 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार उर्फ भिखारी तथा उसका चचेरा भतीजा सोनू कुमार (18वर्ष) के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार की शाम पांच बजे की है। घटना के बाद कार चालक अपनी वाहन छोड़ फरार हो गया। जिसे पुलिस ने जब्त कर ओपी ले आए।

बताया जाता है कि महादेवगंज ओवरब्रिज पुल से सटे आरती हीरो एजेंसी के पास खुली डिवाइडर से बाइक चालक सड़क पार कर रहा था। तभी मलियाबाग से आरा की तरफ तेज रफ्तार में जा रही कार से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक दस फीट उछलती हुई टक्कर स्थल से 100 गज दूरी सड़क पर गिर पड़े। जिससे एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसका प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक स्थिति में आरा भेजा गया। जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। दोनों की मौत से पीड़ित परिजनों में कोहराम मच गया। इस संबंध में सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि दुर्घटना में दोनों युवकों की मौत हुई हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए बक्सर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। दुर्घटना को अंजाम देने वाले कार को जब्त कर चालक का पता लगाया जा रहा हैं।

### डिवाइडर की घेराबंदी नहीं होने पर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

**नावानगर।** शुक्रवार को हुई खुली डिवाइडर के पास दुर्घटना में दो युवकों की मौत के बाद इसकी घेराबंदी की मांग तेज हो गई है। डिवाइडर खुली होने से ग्रामीणों में एनएचएआई के अधिकारियों व संवेदक के प्रति गहरी नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस के समक्ष अल्टीमेटम देते हुए कहा कि जल्द इसकी घेराबंदी नहीं करवाई गई तो इसके विरुद्ध सड़क पर उतरेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि जब एनएचएआई द्वारा फोरलेन का निर्माण कर डिवाइडर चिन्हित कर दिया गया था। उस समय उक्त स्थान पर डिवाइडर खुली किस उद्देश्य से छोड़ा गया था। जिससे वाहन चालक ओवरब्रिज पुल के नीचे से सड़क पार करने के बजाय खुली डिवाइडर से सड़क पार करने का आसान तरीका बना लिया है। नतीजा लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। बता दें कि इस जगह पर पिछले दो महीनों के दौरान आधा दर्जन से अधिक सड़क दुर्घनाएं हो चुकी हैं।

**फोरलेन निर्माण के बाद ठीकेदार ने खुली छोड़ दी डिवाइडरः** आरा मोहनिया हाईवे पर सोनवर्षा ओपी क्षेत्र के सीमावर्ती इलाका में फोरलेन का निर्माण कार्य पूरा हुए लगभग तीन माह बीत गया। पर महादेवगंज स्थित आरती हीरो एजेंसी के पास आज तक डिवाइडर खुली हुई है। जबकि उक्त स्थान के आस पास डिवाइडर को घेरा गया है। डिवाइडर खुली होने से आए दिन बाइक से लेकर छोटी वाहनें सड़क पार करते रहते हैं। जिससे हमेशा दुर्घटनाएं होती रहती है। जबकि महज 500 मीटर पर ओवरब्रिज पुल है। इसके बावजूद लोग जल्दीबाजी में पुल के नीचे से सड़क पार करने के बजाय चंद सेकेंड समय बचाने के चक्कर में बाइक एवं छोटी वाहन चालक जान जोखिम में डालकर खुली डिवाइडर से ही रोड क्रास करते रहते हैं। शुक्रवार को भी ऐसी ही सड़क पार करने की जल्दबाजी में युवकों की मौत हो गई।

## खबरें फटाफट

### जिला अस्पताल आया बंदी पुलिस को चकमा देकर फरार

**केटी न्यूज/बलिया।** जिला अस्पताल में मेडिकल बनवाने आया बंदी पुलिस के जवानों को चकमा देकर फरार हो गया। इसकी जानकारी होते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई। उसकी तलाश में कई टीमों को लगाया गया। काफी मशक्कत के करीब तीन घंटे बाद फरार बंदी को पुलिस ने शहर से सटे दियारा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। शहर कोतवाली क्षेत्र के जमुआं निवासी एजाज पुत्र नजीर के ऊपर एक लड़की के परिजनों ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। केस दर्ज कर पुलिस ने करीब एक सप्ताह पहले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अस्पताल सूत्रों की मानें तो पीड़िता गर्भवती है। लिहाजा आरोपी का डीएनए टेस्ट कराया जाना था। इसके लिए खून का नमूना दिलवाने के लिए पुलिस के जवान जेल से एजाज को लेकर सदर अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे थे। वहां भीड़ ज्यादा होने पर चिकित्सकों ने थोड़ी देर बाद जांच की बात कही। जवानों ने सुरक्षा को लेकर बगल स्थित चौकी में लाकर उसे बैठा दिया। इसी बीच वहां मौजूद जवानों को चकमा देकर आरोपी फरार हो गया। इसकी जानकारी होते ही पुलिसकर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। उन्होंने मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया तो खलबली मच गई। मौके पर सीओ वैभव पांडेय, कोतवाल राजीव सिंह, एसओजी समेत कोतवाली पुलिस की कई टीमों को लगाया गया। जवानों की काफी मेहनत के बाद आरोपी को दियारे क्षेत्र से पकड़ा गया। इस संबंध में एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी का कहना है कि आरोपी फरार नहीं हुआ था बल्कि अस्पताल के ही किसी वार्ड में जाकर बैठ गया था। कुछ देर बाद ही उसको खोज लिया गया।

### डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 70वें बलिदान दिवस पर गोष्ठी व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**केटी न्यूज/गाजीपुर।** जनपद में जनसंघ संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 70वें बलिदान दिवस पर जिला सहकारी बैंक के सभाकक्ष में सरोजेश सिंह की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि नेहरू मंत्रिमंडल को लात मारकर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू कश्मीर कि स्वतंत्रता के लिए पूरी तरह समर्पित होकर लग गए और अटलबिहारी वाजपेयी (तत्कालीन विदेश मंत्री), वैद्य गुरुदत्त, डॉ. बर्मन और टेकचंद आदि को लेकर आपने आठ मई 1953 को जम्मू के लिए कूच किया। सीमा प्रवेश के बाद उनको जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।

# जेल में बंद पूर्व सांसद अफजाल की तबीयत बिगड़ी, हुआ इलाज

- तीन सदस्यीय चिकित्सकों की टीम ने किया पूर्व सांसद का इलाज
- मेडिकल कॉलेज के डॉ. आनंद मिश्र बोले, अब ठीक हैं पूर्व सांसद

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिला कारागार में बंद पूर्व सांसद अफजाल अंसारी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। सूचना मिलते ही आनन-फानन में जेल प्रशासन ने उनका प्राथमिक उपचार कराया और जिला प्रशासन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज गाजीपुर से संपर्क साधा। पूर्व सांसद की तबीयत खराब होने की खबर मिलते ही जिला प्रशासन भी हरकत में आ गया और तीन चिकित्सकों की टीम ने सांसद अफजाल अंसारी का इलाज शुरू कर दिया।

चिकित्सकों की मानें तो अभी अफजाल अंसारी की तबीयत स्थिर है और वह स्वस्थ हैं। इस मामले में महर्षि विश्वामित्र स्वायत्तशासी मेडिकल कॉलेज गाजीपुर के प्रिंसिपल डॉक्टर आनंद मिश्रा से जानकारी ली गई, तो उन्होंने भी पूर्व सांसद अफजाल अंसारी की तबीयत थोड़ा खराब होने की पुष्टि की। कहा कि पूर्व सांसद अफजाल अंसारी जो स्थानीय जिला जेल में बंद हैं, उनको पहले से ही हाई ब्लड प्रेशर और शुगर की प्रॉब्लम है। इसकी दवा वे लेते हैं। उन्होंने बताया कि कल उनकी तबीयत खराब होने की सूचना जेल प्रशासन द्वारा मिली थी, जिसके बाद तीन सदस्यीय चिकित्सकों का पैनल उनकी जांच और इलाज के लिए लगाया गया था। फिलहाल कुछ आवश्यक दवाओं और परहेज के बाद पूर्व सांसद अफजाल अंसारी बिल्कुल स्वस्थ हैं। चिकित्सकों की टीम उनका पुनः स्वास्थ्य परीक्षण करके आई है। वे अब बिल्कुल स्वस्थ हैं। आज भी चिकित्सकों की टीम उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है और रिपोर्ट्स के अनुसार अब वे ठीक हैं। डॉ ने बताया कि अत्यधिक गर्मी और ज्यादा सोचने की वजह से हाई ब्लड प्रेशर और शुगर के मरीजों को दिक्कत आती है। फिलहाल पूर्व सांसद को चिकित्सकों ने कुछ दवाओं के साथ खान-पान में परहेज बताया है। जानकारों की मानें तो अफजाल अंसारी को मॉर्निंग वॉक की आदत थी, जो सुविधा शायद जेल में बंद सजायाफ्ता कैदियों को नहीं मिलती। आपको बता दें कि अफजाल अंसारी को गैंगस्टर मामले में चार साल की सजा सुनाई गई है और लोक प्रतिनिधित्व कानून के तहत दो साल से ज्यादा सजायाफ्ता होने पर लोकसभा सदस्यता भी समाप्त कर दी गई है। इसके बाद अफजाल अंसारी गाजीपुर की जिला जेल में अपनी सजा काट रहे हैं और उनकी विचारण याचिका उच्च न्यायालय इलाहाबाद में लंबित है। इसमें चार जुलाई को डेट पड़ी है। फिलहाल अफजाल अंसारी के स्वास्थ्य से संबंधित इस खबर के बाद राजनीतिक गलियारों में भी हलचल देखी जा रही है। उधर जिला प्रशासन, जेल प्रशासन और स्वास्थ्य महकमा भी पूर्व सांसद के स्वास्थ्य को लेकर अलर्ट है।


अफजाल अंसारी की फाइल फोटो

# बलिया में एक साल में पकड़ाए 1312 पशु तस्कर, छूटने के बाद फिर लगे तस्करी में

- पुलिस के तमाम दावों के बावजूद बदस्तूर जारी है पशु तस्करी का खेल

**केटी न्यूज/बलिया**
**तिलक कुमार**

पशु तस्करों पर लगाम लगाने के तमाम दावे नाकाम साबित हो रहे हैं। बीते वर्ष पकड़े गये पशु तस्करों के आंकड़े इस बात की तस्दीक कर रहे हैं कि जनपद में पशु तस्करी का खेल किस कदर जारी है। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र में वर्ष 2022 में कुल 1312 पशु तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े। सूत्रों की मानें तो जेल जाने के बाद जब ये तस्कर जमानत पर बाहर निकलते हैं तो सुधरते नहीं हैं, बल्कि पशु तस्करी का काम और बढ़-चढ़कर करते हैं। ऐसे में पशु तस्करी पर अंकुश लगाना शासन-प्रशासन के लिये एक गंभीर चुनौती है। जनपद में तीन कोतवाली व एक महिला थाना सहित कुल 23 थाने हैं। इन थानों में पकड़े गए पशु तस्करों के आंकड़ों पर गौर करें तो जनवरी 2022 में कुल 128 पशु तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े, जबकि फरवरी में 126, मार्च में 111, अप्रैल में 79, मई में 113, जून में 93, जुलाई में 117, अगस्त में 102, सितंबर में 106, अक्टूबर में 109, नवंबर में 111 व दिसंबर में कुल 117 पशु तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े। इस प्रकार कुल 1312 पशु तस्करों को पुलिस ने दबोचा। सूत्रों की मानें तो इसमें 60 प्रतिशत तस्कर जमानत पर बाहर हैं तथा तस्करी का काम ही कर रहे हैं। जेल जाना और फिर जेल से बाहर आना इन तस्करों की फितरत बन गयी है।



वाहन पर तस्करी के लिए ले जाते वाहन, बलिया एसपी राजकरन नैय्यर

### 2563 मवेशी बरामद, देखरेख के अभाव में 200 से ज्यादा की मौत

बलिया। पकड़े गए पशु तस्करों से इतर यदि बरामद किए गए मवेशियों के आंकड़ों पर गौर करें तो 930 जहां गाय बरामद हुई है, वहीं 816 बछड़े बरामद हुए। वहीं 817 पड़िया बरामद किया गया। उपरोक्त मवेशियों को स्थानीय किसानों को दे दिया गया है। वहीं लगभग 200 से ज्यादा मवेशी समुचित देखरेख के अभाव में दम तोड़ चुके हैं।

### नरहीं एक तो मनियर थाना दूसरे नंबर पर

बलिया। वैसे तो हर थाना क्षेत्र में आए दिन पशु तस्कर पकड़े जाते हैं, लेकिन सबसे ज्यादा पशु तस्करों के खिलाफ कार्रवाई नरही थाना ने किया है। दूसरे नंबर पर मनियर थाना है। नरही थाना ने जहां पिछले वर्ष 217 पशु तस्करों को दबोचा है, वहीं मनियर थाना पुलिस ने 198 पशु तस्करों को दबोचा है।

### कहते है एसपी

बलिया। एसपी राजकरन नैय्यर ने बताया कि पशु तस्करी पर पूरी तरह लगाम लगाने के लिये पुलिस कटिबद्ध है। समय पर अभियान भी चलाया जाता है। सीमावर्ती थानों की पुलिस विशेष चौकन्ना रहती है।

# डीएम ने बकरीद व श्रावण माह में कावड़ यात्रा को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बुलाई बैठक

- बकरीद पर्व पर सफाई, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति के लिए टोल फ्री नंबर पर करें संपर्क

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

बकरीद व श्रावण माह में कावड़ यात्रा को शान्तिपूर्वक, सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा पुलिस लाइन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जनपदवासियों से अपील किया की बकरीद, श्रावण यात्रा के साथ अन्य सभी पर्व व त्यौहार को उत्साह, एकता, आपसी भाईचारे एवं जनपद की गंगा जमुनी तहजीब व शान्ति के साथ मनाएं।


बैठक करते डीएम व एसपी

बकरीद व श्रावण माह में कावड़ यात्रा के समुचित तैयारियों के क्रम में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों एवं अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि कावड़ यात्रा से सम्बन्धित सड़कों पर नियमानुसार आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाएं। जिलाधिकारी ने बताया कि पूरे कावड़ यात्रा के दौरान किसी भी कावरिए के चोटिल होने, घायल होने या तबीयत बिगड़ने के दृष्टिगत कावड़ मार्गो पर निश्चित स्थानों पर एम्बुलेंस की उपलब्धता के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि प्राइवेट अस्पतालों द्वारा भी चिकित्सा कैंप लगाए जाएगें, जहॉ पर कावरियों के दवा के साथ-साथ रिफ्रेसमेंट होने का समुचित प्रबंध रहेगा। पानी, सरबत, भंडारा इत्यादि अल्पाहार की व्यवस्था भी ग्राम प्रधानों, नगर पंचायत/पालिकाओं, स्वयं सेवी संगठनों, व्यापार मंडल इत्यादि द्वारा किए जाएगें। जिला अभिहित अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कावड़ मार्गो पर स्थित सभी ढ़ाबों, रेस्टोरेंट, होटलों पर रेट सूची के साथ ताजे, शुद्ध व सही भोज्य पदार्थ व अन्य खाद्य सामग्रिया का विक्रय सुनिश्चित हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कहा कि जनपद में पर्व एवं त्यौहारों के साथ कावड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि शहर के मोहल्लों एवं गांव के मजरों में बीट सिपाहियों की गस्त बढ़ायें और लोगों से समन्वय बनाकर क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी भी रखें। साथ ही उन्होने बकरीद पर प्रतिबन्धित जानवरो की कुबार्नी न करने की अपील की तथा सुअर बाड़ा मालिको से पर्व के अवसर पर अपने जानवरो को घरो मे ही रखने का निर्देश दिया।आसामाजिक तत्वों से सावधान रहे और किसी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें।

## डीएम ने की मातहतों के साथ बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को ले जिला प्रशासन अलर्ट

- 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक तथा दस्तक अभियान 17 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग के साथ ही जिला कार्यक्रम विभाग को भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना है। 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान इस बार कुष्ठ रोग, फाइलेरिया एवं कालाजार के प्रति भी लोगों को जागरूक कर इनसे बचाव के कार्य किए जाने हैं। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पूर्व में संचालित संचारी रोग अभियान की प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग के बारे में जानकारी लेते हुए इस बार व्यवस्थित ढंग से बेहतर रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए।


बैठक करते डीएम

उन्होंने संचारी रोग अभियान से जुड़े विभागों को बेहतर कार्य योजना तैयार कर इस अभियान को सफल बनाने को कहा। इसके अलावा इस अभियान के नोडल विभाग चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को उन्होंने पूरे अभियान के दौरान नियमित मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण कार्य कर बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने साफ-सफाई हेतु नगर पालिका/नगर पंचायत, पंचायती राज विभाग को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा छात्रों एवं अभिभावकों को दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर तथा जल जनित रोगों तथा गर्म मौसम से संबंधित रोगों से बचाव, रोकथाम एवं उपचार हेतु जागरूक करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर पालिका/नगर पंचायतों को क्षेत्रों में नालियों/कचरों की सफाई करवाना, नियमित फॉगिंग, लार्विसाइडल स्प्रे तथा साफ-सफाई के विशेष निर्देश दिए। उन्होंने अन्य विभागों के लिए भी निर्धारित कार्यों को अभियान के दौरान नियमित रूप से करने को कहा। दस्तक अभियान के दौरान प्रशिक्षित फ्रंटलाइन वर्कर्स (आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकता) द्वारा घर-घर जाकर विभिन्न रोगों के नियंत्रण एवं उपचार की जानकारी प्रदान करने के साथ ही कुपोषित बच्चों तथा विभिन्न रोगों के लक्षण युक्त व्यक्तियों को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया जाना है, जिससे समय से उपचार सुनिश्चित किया जा सके एवं संक्रामक रोगों से लोगों को बचाया भी जा सके। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी उमेश चंद्र तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनायी गई पुण्यतिथि

**केटी न्यूज/बलिया।** जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि शुक्रवार को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिह के नारायणी टाकिज स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान लोगों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संतोष पांडेय, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष सोनी तिवारी, सलेमपुर प्रधान कयामुद्दीन अंसारी, आशिफ अली, हर्ष सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, अनिल सिंह, अरविंद सिंह, विनित, सिंह, दिग्विजय सिंह, आलोक सिंह आदि मौजूद रहे।

### ताड़ के पेड़ पर गिरी आकाशीय बिजली

**बलिया।** बेरूआरबारी विकासखंड के मैरिटार गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप गुरुवार की देर शाम बारिश के दौरान तेज आवाज के साथ ताड़ के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई। इससे पेड़ धू-धूकर जल उठा। पेड़ के समीप घर बनाकर रह रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपने घरों को छोड़कर दूर भाग गए। जिस जगह पर बिजली गिरी ठीक बगल के ही महेश राम ढिंनटेलु पुत्र परशुराम राम का घर था। उसने बताया कि हमारे परिवार के सभी लोग घर के अंदर थे, तभी अचानक तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली पेड़ पर गिरी। उसके बाद पेड़ में तुरंत आग लग गयी। गनीमत यह रही कि बिजली घर पर नहीं गिरी, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### पांचवें दिन भी न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**गाजीपुर।** सिविल बार, कलेक्ट्रेट बार एवं सेंट्रल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से पांचवें और छठवें दिन भी प्रदर्शन किया। अधिवक्ता न्यायायिक कार्य से विरत रहे और पूरे कचहरी का चक्रमण कर जिला प्रशासन व जिलाधिकारी मुदार्बाद के नारे लगाते रहे। शनिवार को भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। बता दें कि कचहरी परिसर से चकबंदी ऑफिस के हटाए जाने से नाराज अधिवक्ता लगातार छह दिनों से न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए आंदोलन कर रहे हैं।

### कांवड़ यात्रा व बकरीद पर्व को लेकर एआईएमआईएम ने सीएम को भेजा ज्ञापन



**बलिया।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी ने कांवड़ यात्रा व बकरीद पर्व पर साफ-सफाई, बिजली व पानी की व्यवस्था के संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान सड़क, बिजली, नाली व पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। मुख्य मार्गों पर जहां भी हैंडपंप खराब है, उनकी मरम्मत करा ली जाए ताकि गर्मी का मौसम है और किसी भी कांवड़ यात्री को कोई दिक्कत ना आए। साथ ही बकरीद का त्यौहार 3 दिन तक मुस्लिम धर्म के लोग मानते हैं, उसके पहले जानवरों की खरीद.फरोख्त भी की जाती है। किसी भी भाई को जानवरों की खरीद फरोख्त और लाने ले जाने से न रोका जाए। साथी ही बकरीद के दिन कुबार्नी का गोश्त रिस्तेदार व पास पड़ोस में बाँटते हैं, उसको ना रोका जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, पूर्वांचल के पूर्व महासचिव कालिका प्रसाद, जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष मंजूर आलम, प्रमुख जिला महासचिव महताब आलम, जिला संगठन मंत्री मुदस्सिर अंसारी, आदि लोग मौजूद रहे।

### बिजली विभाग के अधिकारियों ने रात में मारा छापा

**मऊ।** विद्युत विभाग द्वारा शासन के निर्देश पर रात्रि छापा अभियान के तहत गुरुवार रात में मोहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत के मोहल्ला भूलीपुर एवं मुख्य मार्ग पर लगभग आधा दर्जन उपभोक्ताओं के कनेक्शन को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान सब कुछ सही पाया गया। लेकिन कुछ उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बिल जमा न करने पर उन्हें चेतावनी दी गई कि 2 दिन के अंदर भुगतान अवश्य कर दें। अगली बार जांच के दौरान अगर बिल का भुगतान नहीं पाया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। रात्रि में हुए विद्युत चेकिंग अभियान को लेकर उपभोक्ताओं में अफरा-तफरी मची रही। अधिशासी अभियंता विद्युत द्वितीय धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में एसडीओ कुबेर लाल, नीरज कुमार, मनोज कुमार, अवर अभियंता लालजी यादव, चंद्र भूषण यादव, विपिन चतुवेर्दी समेत विद्युत विभाग के लाइनमैन विनोद कुमार, सुरेंद्र कुमार, मोहम्मद मसरूर सहित अन्य कर्मी शामिल रहे।

### इंटर कालेज सुहवल के सभागार में ग्राम चौपाल का आयोजन

**गाजीपुर।** रेवतीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत इंटर कालेज सुहवल के सभागार में शासन के निर्देश पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 97 मामले आए, जिनमें से 22 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया ।सबसे ज्यादा मामले राजस्व, सरकारी योजनाओं व पुलिस से संबंधित आए। चौपाल में शासन के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्यालकारी योजनाओं की लोगों को जानकारी देने के साथ ही उन्हें जागरूक करते हुए आए विभिन्न समस्याओं का निस्तारण अधिकारियों के द्वारा किया गया। आयोजित इस ग्राम चौपाल का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह राणा ने किया।? सुहवल न्याय पंचायत स्तरीय ग्राम चौपाल में छह गावों के सैकड़ों महिला, पुरूषों ने इसमें भाग लिया, इस दौरान मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह राणा ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। मनरेगा के कार्यों की समीक्षा के साथ अमृत सरावरों का हाल जाना। शासन की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी गई।